प्रदूषण मुक्त होगा महानगर : मदन मित्रा

◆ मंत्री ने एंबेसडर बीएस-4 को किया लांच

वरीय संवाददाता, कोलकाता : परिवहन मंत्री मदन मित्रा ने कहा है कि कोलकाता में प्रदूषण एक गंभीर समस्या है इसलिए इससे निपटने की तरह-तरह की योजनाएं तैयार की गयी हैं। धर्मतला बस स्टैंड को हटाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। खास कर सरकारी बसों स्टैंड को पूरी तरह से हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सीटीसी आदि की बसों को धर्मतला के अलावा अन्यत्र से आने-जाने की व्यवस्था की जा रही है। हालांकि अभी भी धर्मतला में निजी बसों का जमावड़ा कायम है, जिससे प्रदूषण की समस्या बरकरार है।

महानगर को प्रदूषण मुक्त व यात्रियों की सुविधा के लिए कोलकाता में नई टैक्सियों के लिए परमिट जारी की जा रही है। दो तरह की परमिट दी जा रही है। पहली एसी टैक्सी के लिए और दूसरा बगैर एसी के लिए। इनके रंग पीला होने के बजाय सफेद होगा और बीच में नीले रंग की पट्टी होगी।

हिंदुस्तान मोटर्स की एंबेसडर बीएस-4 को लांच करते परिवहन मंत्री मदन मित्रा, साथ में कंपनी के एमडी उत्तम बोस। जागरण

श्री मित्रा मंगलवार को खुदीराम अनुशीलन केंद्र में हिंदुस्तान मोटर्स की बीएस-फोर सीरीज की एंबेसडर के लांचिंग के लिए आयोजित समारोह में बोल रहे थे। एंबेसडर कार के संबंध में उन्होंने कहा कि यह सस्ती और कर्म खर्च वाली गाड़ी है, जिससे अधिक आय की जा सकती है।

हिंदुस्तान मोटर लिमिटेड के प्रबंध निदेशक उत्तम बोस व मुख्य महाप्रबंधक (कार्पोरेट) राजीव सक्सेना ने कहा कि एंबेसडर को हाल ही में विश्व में बेहतर टैक्सी के खिताब से नवाजा गया है। करीब सात दशक से एक ही स्टाइल में इसे लोग पसंद कर रहे हैं, क्योंकि यह भारतीय परिवेश के अनुकूल है। खास कर कोलकाता में तो पेशेवर एंबेसडर को ही चुनते हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी की अगले साल बाजार में छोटी कार लाने की योजना है। यह छोटी तथा कम उत्पाद शुल्क के कारण एंबेसडर से सस्ती होगी।